**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र-(2025-26)**

**साप्ताहिक परीक्षा-1((पुनरावृति पत्रिका)**

**कक्षा-चौथी** **विषय-हिंदी**

**<u>उपविषय-</u> पाठ-1 प्रकृति का संदेश (कविता), पाठ-2 बुद्धि की जीत**

**व्याकरण- भाषा, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश**

**खंड-क**

**प्र०1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

नेहा और संभव जुड़वाँ भाई-बहन थे। दोनों एक ही विद्यालय में और एक ही कक्षा में पढ़ते थे। किसी को भी विश्वास नहीं था कि नेहा और संभव सचमुच में भाई-बहन हैं। शक्ल- सूरत में एक से पर स्वभाव में बिलकुल उलटे।इसके बावजूद दोनों एक - दूसरे पर जान छिड़कते थे। परंतु संभव में एक कमी थी कि वह जिद्दी था।उसे बाहर की खाने-पीने की चीज़ों का बहुत शौक था। उसे घर में सभी समझाते थे कि बाहर का खाना सेहत के लिए हानिकारक होता है।परंतु वह चिकना घड़ा था। एक दिन खाने की छुट्टी के समय संभव ने स्कूल के बाहर चाटवाले को देखा तो चाट देखकर उसके मुँह में पानी आ गया। उसने चाटवाले से चाट खाई और अपनी बहन के साथ घर चला गया।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

i) संभव में क्या कमी थी ?

ii) संभव को घर में सभी क्या समझाते थे?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

**i)** विद्यालय - स्कूल, घर, मकान

**ii)** जिद्दी - सुंदर, हठी, मनोहर

**ग) सही या गलत का निशान लगाइए-**

i) चाट देखकर संभव के मुँह में पानी आ गया। ( )

**खंड-ख**

**प्र०2 रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उचित शब्द चुनकर लिखिए-**

**क)** पंजाबी भाषा की लिपि _________ है। (देवनागरी /गुरुमुखी)

**ख)**कविता लिखना भाषा का ________ रूप है। (मौखिक/लिखित)

**ग)** समाचार सुनना भाषा का_________ रूप है। (मौखिक/लिखित)

**प्र॰3 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित भाषा लिखकर कीजिए-**

क) भारत में_________भाषा बोली जाती है।

ख) इंग्लैंड में _________ भाषा बोली जाती है।

ग) गुजरात के लोग ________ भाषा बोलते हैं।

**प्र॰4 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा का सही रूप लिखिए -**

**क)** रोहित अनुच्छेद लिख रहा है।

**ख)** माता जी बातें कर रही हैं।

**खंड-ग**

**प्र॰5 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

मेढकराज सोच में डूब गया।फिर उसने अपने मंत्रियों से सलाह की। मंत्रियों ने भी कहा कि साँप को भोजन तो चाहिए ही,नहीं तो यह मर जाएगा और उसका पाप हम पर आएगा। तब उनसे सलाह कर मेढकराज ने मंदविष से कहा, "आज से तुम रोज़ एक मेढक को खा सकते हो। मैं तुम्हें इसकी आज्ञा देता हूँ। साँप ने मेढकराज की बात मानकर एक मेढक पर हाथ साफ़ कर दिया।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**i)** मंत्रियों ने मेढकराज से क्या कहा ?

**ii)** मेढकराज की बात मानकर मंदविष ने क्या किया?

**ख)निम्नलिखित वाक्य को पढ़कर सही (✓) या गलत (x) का निशान लगाइए-**

**i)** मेढकराज ने अपने मंत्रियों से सलाह की। ( )

**प्र॰6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**क)** ऋषि ने मंदविष को क्या शाप दिया ?

**ख)** मेढकराज ने मंदविष से क्या पूछा?

**प्र॰7 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

**क)**एक साँप कभी ______ का मित्र नहीं हो सकता।

**ख)**मंदविष ने धीरे से अपने _____ को ऊपर उठाया।

**प्र॰8 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-**

**क)** शापित - **ख)** रफ़्तार-

**प्र॰9 सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**क**) ऋषि ने किसे शाप दिया ?

i) मेढकराज को ii) मंदविष को iii) दूसरे साँप को

**प्र॰10 कविता की निम्नलिखित पंक्तियों की पूर्ति कीजिए-**

**क**) पृथ्वी कहती____________ ,

______सिर पर भार।



**ख**) नभ कहता है,________________,

_____________ सारा संसार।